पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को अर्धान्जलि दी

लखनऊः 23 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक व मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने आज पूर्व प्रधानमंत्री, स्व0 चौधरी चरण सिंह की 112वीं जयन्ती के अवसर पर विधान सभा परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें अर्धान्जलि दी।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह लोकप्रिय नेता थे और किसानों के लिये उनका संघर्ष बेमिसाल था। वे जनता एवं विशेषकर किसानों के हित के लिये सदैव प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि स्व0 चौधरी चरण सिंह से उनका पुराना परिचय था और उन्हें उनके साथ काम करने का भी सौभाग्य मिला था।

श्रद्धांजलि सभा में अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।